<u>राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी</u>

<u>सादर प्रकाशनार्थ :-</u>

जयपुर, 23 जुलाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री परसराम मदेरणा की जयन्ती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने स्व. श्री परसराम मदेरणा के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

किसान नेता स्वर्गीय परसराम मदेरणा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि किसान पुत्र परसराम जी मदेरणा का राजस्थान के विकास तथा प्रदेश के किसानों के उत्थान में योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री परसराम मदेरणा राजस्थान में किसान क्रांति के महत्वपूर्ण स्तम्भ थे। राजस्थान की राजनीति में उनके विराट व्यक्तित्व ने लाखों युवाओं को सद् मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान विरोधी राजनीति करने के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिस प्रकार की राजनीति करती है, उसमें किसानों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में किसानों के लिए जितनी अपमानजनक बातें कहीं गई और उन पर अनर्गल आरोप लगाए गए यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता किसान पुत्रों को खालिस्तानी कहते हैं तथा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमण्डल में मीनाक्षी लेखी को शामिल किया है जो कि किसानों को मवाली के नाम से संबोधित करती हैं, यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी विचारधारा का परिचायक है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सरकारी मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, श्री अश्कअली टाक, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवन्त गुर्जर, श्री देशराज मीना, श्री राजेन्द्र यादव, पूर्व चेयरमेन श्री मुमताज मसीह, श्री गिरिराज गर्ग, श्री राजेश चौधरी, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री आर.आर.तिवाड़ी, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्री प्रताप पूनियां, श्री मांगीलाल वर्मा, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री गोपाल नावरिया, श्री राजू खान, श्री ओमप्रकाश जैदिया, श्रीमती राबिया गुडएज, श्री लादूराम बैरवा, श्रीमती सरस्वती चौधरी, श्री बाबूलाल राणा, श्री धनसिंह नरूका, श्री राधाकृष्ण जांगिड़, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री जयकिशन वर्मा, श्री सद्दाम हुसैन, श्री मोहम्मद शरीफ, श्री प्रेम

बागड़ा, श्री नरेश चौधरी, श्री गुलाबचन्द सैनी एवं श्री सत्येन्द्र सिंह जादौन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्व. मदेरणा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

– – – –